भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2551

दिनांक 10 अगस्त, 2026 को उत्तरार्थ

तमिलनाडु में टीएएनजीईडीसीओ को आरईसी लिमिटेड एवं पीएफसी लिमिटेड द्वारा प्रदान किए गए ऋण

2551. श्री आर. गिरिराजन:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या आरईसी लिमिटेड तथा पीएफसी लिमिटेड द्वारा तमिलनाडु राज्य में तमिलनाडु जनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (टीएएनजीईडीसीओ) और अन्य निजी लिमिटेड कंपनियों को कोई ऋण प्रदान किए गए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं;

(ख) क्या सरकार ने टीएएनजीईडीसीओ को प्रदान किए गए ऋणों पर ब्याज दरों मे कोई कमी की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं;

(ग) टीएएनजीईडीसीओ द्वारा प्रति वर्ष पीएफसी लिमिटेड और आरईसी लिमिटेड को भुगतान की गई ब्याज की कुल राशि का ब्यौरा क्या है; और

(घ) पीएफसी एवं आरईसी के विलय के उपरांत टीएएनजीईडीसीओ को प्रदान किए गए ऋणों की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद नाईक)

(क) : पीएफसी लिमिटेड तथा आरईसी लिमिटेड द्वारा पूर्ववर्ती टीएएनजीईडीसीओ [बाद में टीएनपीडीसीएल (तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन लिमिटेड), टीएनपीजीसीएल (तमिलनाडु पावर जनरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड) एवं टीएनजीईसीएल (तमिलनाडु ग्रीन एनर्जी कॉरपोरेशन लिमिटेड) के रूप में विभाजित)] और तमिलनाडु में अन्य निजी लिमिटेड कंपनियों को प्रदान किए गए बकाया ऋणों (दिनांक 30.06.2026 तक) का विवरण **अनुबंध-1** पर दिया गया है।

(ख) : पीएफसी लिमिटेड एवं आरईसी लिमिटेड ने टीएनपीडीसीएल (पूर्ववर्ती टीएएनजीईडीसीओ) को प्रदान किए गए ऋणों पर ब्याज दरों को कम कर दिया है। विवरण **अनुबंध-2** पर दिया गया है।

(ग) : वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान टीएनपीडीसीएल, टीएनपीजीसीएल तथा टीएनजीईसीएल द्वारा समग्र रूप से, पीएफसी लिमिटेड एवं आरईसी लिमिटेड को ब्याज के रूप में भुगतान की गई कुल राशि 12,822.41 करोड़ रुपये है।

(घ) : पीएफसी लिमिटेड तथा आरईसी लिमिटेड द्वारा टीएएनजीईडीसीओ को प्रदान किए गए बकाया ऋण, संयोजित संस्था के लेखों में यथावत दर्ज रहेंगे।

रा.स.अतारां.प्र.सं. 2551

अनुबंध-1

क. पीएफसी लिमिटेड तथा आरईसी लिमिटेड द्वारा पूर्ववर्ती टीएएनजीईडीसीओ को प्रदान किए गए बकाया ऋणों (दिनांक 30.06.2026 तक) का विवरण निम्नानुसार है:

क्रम सं.	**उधारकर्ता**	**बकाया राशि (करोड़ रुपये में)**
	पीएफसी द्वारा	
1	तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड	31,787.24
2	तमिलनाडु पावर जनरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड	22,060.94
3	तमिलनाडु ग्रीन एनर्जी कॉर्पोरेशन लिमिटेड	380.20
	उप योग (1+2+3):	***54,228.38***
	आरईसी द्वारा	
1	तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड	39,749.67
2	तमिलनाडु पावर जनरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड	33,774.28
3	तमिलनाडु ग्रीन एनर्जी कॉर्पोरेशन लिमिटेड	2,378.37
	उप योग (1+2+3):	***75,902.32***
	कुल योग	***1,30,130.7***

ख. पीएफसी लिमिटेड तथा आरईसी लिमिटेड द्वारा तमिलनाडु की प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों को प्रदान किए गए बकाया ऋणों (दिनांक 30.06.2026 तक) का विवरण निम्नानुसार है:

क्रम सं.	**विवरण**	**बकाया राशि (करोड़ रुपये में)**
	पीएफ़सी द्वारा	*3,611.94*
	आरईसी द्वारा	*4,254.81*
	कुल योग:	**7,866.75**

रा.स.अतारां.प्र.सं. 2551

अनुबंध-2

क. पीएफ़सी लिमिटेड द्वारा टीएनपीडीसीएल (पूर्ववर्ती टीएएनजीईडीसीओ) को प्रदान किए गए ऋण पर ब्याज दर में की गई कमी का ब्यौरा

क्रम सं.	**स्कीम का विवरण**	**राशि (करोड़ रुपये में)**	**मूल ब्याज दर**	**संशोधित ब्याज दर**
1	बकाया नॉन-कैपेक्स ऋण	19,671.02	10.00% से 10. 50%	8.60% से 9.50%
2	बकाया कैपेक्स ऋण	6,073.84	10.50%	9.50%
कुल		**25,744.86**		

ख. आरईसी लिमिटेड द्वारा टीएनपीडीसीएल (पूर्ववर्ती टीएएनजीईडीसीओ) को प्रदान किए गए ऋण पर ब्याज दर में की गई कमी का ब्यौरा

क्रम सं.	**स्कीम का विवरण**	**राशि (करोड़ रुपये में)**	**मूल ब्याज दर**	**संशोधित ब्याज दर**
1	बकाया नॉन-कैपेक्स ऋण	18,409.6	9.75% से 10.25%	8.54% से 9.25%
2	बकाया कैपेक्स ऋण	3,904.59	10.65%	9.25%
कुल		**22314.19**		

****